CBSE Test Paper 02
सूचना लेखन

1. आप राहुल, बाल भारती स्कूल के हैड ब्वाय हैं। आपके विद्यालय ने एक चैरिटी शो आसपास के गरीब लोगों के लिए रखा है। इसके लिए विद्यार्थियों को सहयोग देने हेतु 25-30 शब्दों में सूचना लिखिए।

2. आप जीसस मैरी पब्लिक स्कूल, तुगलकाबाद, दिल्ली के प्रधानाचार्य साकेत सिन्हा हैं। सभी शिक्षकों तथा स्कूल कैप्टन को वार्षिक खेलों के आयोजन संबंधी बैठक में उपस्थित रहने संबंधी 20-30 शब्दों में सूचना लिखिए।

3. विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रातःकाल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

4. ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपनी सलाना बैठक में ग्रेटर नोएडा विस्तार योजना में कुछ संशोधन किया है। इसकी सूचना नागरिकों को देने के लिए 20 से 30 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

CBSE Test Paper 02
सूचना लेखन

Answer

1.

बाल भारती स्कूल

सूचना

30 मार्च, 2019

चैरिटी शो (गरीब लोगों के लिए)

विद्यालय द्वारा पास के स्लम एरिया के गरीब लोगों के लिए एक चैरिटी शो रखा गया है। यह 02 अप्रैल 2019 को विद्यालय के ऑडिटोरियम में होगा। विद्यार्थियों से निवेदन है कि एक मानवीय और सामाजिक कारण को ध्यान में रखते हुए इस शो को सफल बनाने हेतु अपना योगदान दें।

राहुल

हैड ब्वाय

2.

जीसस मैरी पब्लिक स्कूल, तुगलकाबाद, दिल्ली

सूचना

दिनांक 12 मार्च, 2019

वार्षिक खेलों के आयोजन संबंधी बैठक

सभी शिक्षकों और स्कूल कैप्टन को यह सूचित किया जाता है कि 15 मार्च, 2019 को दोपहर 1 बजे प्रधानाचार्य कक्ष में खेल अध्यापक श्री पवन कुमार की अध्यक्षता में आगामी वार्षिक खेलों के आयोजन से संबंधित विषयों पर चर्चा करने हेतु बैठक होगी। आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

साकेत सिन्हा

प्रधानाचार्य

3.

बाल भारती पब्लिक स्कूल, दिल्ली

सूचना

दिनांक 20 दिसंबर, 20XX

योग कक्षाओं के आयोजन हेतु

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि 'बाल भारती पब्लिक स्कूल की ओर से बड़े दिन की छुट्टियों में दिनांक 25 दिसंबर, 2017 से 31 दिसंबर 2017 तक प्रतिदिन प्रातःकाल 8 बजे से 9 बजे तक विद्यालय के प्रांगण में योग की कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। सभी इच्छुक विद्यार्थी अपने नाम, कक्षा व रोल नं. का ब्योरा योगा कॉर्डिनेटर को

लिखवा दें।

अवनी शर्मा

योग कॉर्डिनेटर

4.

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

169, चितवन एस्टेट, सेक्टर-गामा, ग्रेटर नोएडा सिटी, गौतम बुद्ध नगर

वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in इमेल: authority@gnida.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में ग्रेटर नोएडा विस्तार विस्तार महायोजना- 2013 में कतिपय संशोधन अनुमोदित किए गए हैं। अनुमोदित संशोधनों का संक्षिप्त विवरण वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त संशोधनों पर यदि कोई आपत्ति/सुझाव हों तो सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर प्रातः 9.30 बजे से 6.00 बजे तक प्राधिकरण के कस्टमर रिलेशन सेल पर महाप्रबंधक को संबोधित करते हुए लिखित रूप से प्रेषित किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी